सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियाँ सर्वाधिक कम करने में नर्मदापुरम् वृत्त प्रथम

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2023 को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के नर्मदापुरम् वृत्त को कंपनी कार्यक्षेत्र में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों (एटीएंडसी) में सर्वाधिक कमी करने पर प्रशस्ति-पत्र एवं पदक से पुरस्कृत किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार कंपनी मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में नर्मदापुरम् वृत्त के महाप्रबंधक बी.बी.एस.परिहार को कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया।
- गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष कंपनी कार्यक्षेत्र में एलटी श्रेणी में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों में सर्वाधिक कमी करने वाले वृत्त/संभाग को पुरस्कृत किया जाता है।
- इसी अनुक्रम में संचारण संधारण वृत्त नर्मदापुरम् द्वारा विशेष प्रयासों से गत वर्ष 2021-22 में एटीएंडसी हानि 23.18 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2022-23 में 18.65 प्रतिशत कम कर कंपनी कार्यक्षेत्र में सर्वाधिक कमी लगभग 4.53 प्रतिशत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।
- इसी प्रकार सोहागपुर संभाग द्वारा विशेष प्रयासों से गत वर्ष 2021-22 में एटीएंडसी हानि 27.42 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2022-23 में 17.77 प्रतिशत कम कर सर्वाधिक कमी लगभग 9.64 प्रतिशत कर कंपनी कार्यक्षेत्र के समस्त संभागों में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/https-www-drishtiias-com-hin-classroom-program-delhi-coaching-centre